## एक नजर में

### श्रद्धा और विश्वास ही सच्ची भक्ति है–मोनिका शर्मा



**देवास।** श्री राम मंदिर अग्रवाल धर्मशाला नयापुरा में राधे महिला मंडल द्वारा सांवरिया सेठ की असीम कृपा से मां चामुंडा की भवन नगरी में भक्त नरसी मेहता के चरित्र नानी बाई का संगीतमय आयोजन 16 से 20 जुलाई तक किया गया है। नानी बाई मायरे के दौरान तीसरे दिन मां चामुंडा सेवा समिति पदाधिकारियों द्वारा समिति संयोजक समाजसेवी रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में एवं समाजसेवी नारायण व्यास के मुख्य अतिथि में नानी बाई मायरे कथा का वाचन कर रही सुश्री मोनिका दीदी शर्मा बेड़गांव कांटाफोड़ वाली का शॉल, श्रीफल, पगड़ी,पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। कथावाचक मोनिका दीदी ने तीसरे दिन शुक्रवार को नानी बाई द्वारा अपने मायके वालो को ससुराल पक्ष का मायरा भरने की चिट्ठी लिखने को लेकर भावपूर्ण व्याख्या की गई। जिससे श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। दीदी ने आगे आगे कहां की सांवरिया सेठ के प्रति जिसकी अटूट श्रद्धा होती है उसका जरूर काम सफल होता है। परमात्मा में श्रद्धा और विश्वास ही सच्ची भक्ति होती है। अगर परमात्मा में आपका विश्वास नहीं है, तो काम सफल नहीं हो सकता।इस अवसर पर मां चामुंडा सेवा समिति के रूपेंद्र तिवारी, रामेश्वर जलोदिया, नारायण व्यास, उम्मीद सिंह राठौर, दिनेश सांवलिया, शशिकांत गुप्ता, कमल चौहान, राधे महिला मंडल की मधुबाला तिवारी, दुर्गा व्यास, कला अग्रवाल, मंजू जलोदिया, हेमलता, सुगना सोलंकी सहित धर्म प्रेमी उपस्थित थे। कथा का वचन प्रतिदिन 1 से 5 बजे तक हो रहा है। प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्म लाभ ले रहे हैं।

### 45 दिवसीय जिन आगम तपस्या दिव्य शंखनाद



**देवास।** देवास नगर के तपस्या इतिहास में पहली बार 45 दिवसीय जिन आगम तपस्या का विविध मंत्रोच्चार के साथ शंखनाद हुआ। श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर, तुकोगंज रोड पर विराजित पूज्य साध्वीजी श्री तत्त्वरसा श्रीजी म. सा. आदि की पावन निश्रा में 45 आगम तप की यह आराधना की जा रही है। सैकड़ो तपस्वीयों द्वारा लगातार 45 दिनों यह तपस्या तक की जावेगी।इस हेतु तपस्वियों द्वारा प्रभु चरणों में श्रीफल समर्पित करके निर्विघ्न तपस्या की कामना की गई। साथ ही साथ नो लाख नो हजार नो सो निंननान्वें 9,09,999 नवकार महामंत्र जाप का भी शुभारंभ हुआ। यह जाप अनुष्ठान निर्माणाधीन श्री वीररत्न सुरी आराधना भवन के निर्विघ्न निर्माण के शुभ उद्देश्य को लेकर किया जा रहा है। इस हेतु 18 जुलाई को कुंभ स्थापन, दीपक स्थापन, नवकार महामंत्र पट स्थापन एवं अधिष्ठायक देव-देवी स्थापन का भावपूर्ण विधान हुआ। नवकार महामंत्र एवं 45 आगम की अष्टप्रकारी पूजन की गई। विविध पूजन सामग्री से परिपूर्ण कर नवकार मंगल कलश एवं अखंड दीपक का प्रतिस्थापन हुआ। विधान संपन्न हर्षद जैन उन्हेल वाले द्वारा किया गया।प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि 20 जुलाई रविवार को सुबह 8 .30 बजे गुरु गुण गाथा का गुरु महिमा मंडित गीत संगीतमय कार्यक्रम अहिंसा भवन जेल रोड पर होगा। यह सुंदर प्रस्तुति विराज भाई अहमदाबाद एवं रोहन भाई मुम्बई द्वारा दी जाएगी। कार्यक्रम पश्चात सकल श्री संघ के स्वामी वात्सल्य का आयोजन भोजन शाला में होगा।प्रतिदिन सुबह पूज्यश्री के प्रवचन एवं रात्रि को धार्मिक पाठशाला चल रही है। श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ श्री संघ एवं ट्रस्ट मंडल ने समाज जनों से कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।


### अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

**सतवास ।** सतवास पुलिस ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जंगल, झाड़ियों और नालों में छिपाकर रखी गई 15 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देशन और एएसपी (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। शुक्रवार को थाना सतवास में आयोजित प्रेस वार्ता में एएसपी जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 जुलाई को सतवास के हाट बाजार क्षेत्र से एक मोटरसाइकिल चोरी की गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना के आधार पर 17 जुलाई को मुहाई जागीर फाटा से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुकराम उर्फ कालू (31 वर्ष) और मकराम डोडवे (25 वर्ष), निवासी बजरंगगढ़, थाना बागली, जिला देवास के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने अंतर्राज्यीय गिरोह से जुड़े होने की बात कबूली और विभिन्न जिलों — देवास, इंदौर, बड़वानी, कांटाफोड़, खातेगांव आदि से मोटरसाइकिलें चोरी करने की जानकारी दी। पुलिस टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर जंगल, पहाड़ियों, और नदी-नालों में छिपाकर रखी गई कुल 15 चोरी की बाइकें बरामद की हैं। बाइकें इतनी चतुराई से छिपाई गई थीं कि आम आदमी को उनका पता लगाना मुश्किल था।इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी बी.डी. बीरा, प्रधान आरक्षक राकेश रजक, आरक्षक लोकेश मंजरिया, मिथुन कुशवाह, दिनेश शर्मा, विपिन शर्मा, देवराज वास्कले की सराहनीय भूमिका रही। एएसपी जैन ने बताया कि देवास जिले में सक्रिय वाहन चोर गिरोहों पर लगातार नजर रखी जा रही है और आगामी दिनों में ऐसे गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रों ने सीखी साइबर सुरक्षा की बारीकियाँ

**देवास।** अमलतास यूनिवर्सिटी में साइबर सुरक्षा एवं युवा जागरूकता पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के महत्वपूर्ण उपायों पर प्रकाश डाला गया। यह कार्यशाला देश के प्रख्यात आईपीएस अधिकारी डॉ. वरुण कपूर, स्पेशल डायरेक्टर, आरएपीसीटी इंदौर के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। डॉ. कपूर द्वारा दिया गया व्याख्यान अत्यंत रोचक, विचारोत्तेजक और ज्ञानवर्धक रहा। उन्होंने छात्रों को साइबर क्राइम की बदलती प्रकृति, सोशल मीडिया सुरक्षा, डेटा प्रोटेक्शन और डिजिटल दुनिया में सतर्कता जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को डिजिटल खतरों के प्रति जागरूक करना और उन्हें साइबर सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था। शिक्षकों, छात्रों और संकाय सदस्यों ने इस सत्र से महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं, जो उनके व्यक्तिगत और शैक्षणिक जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी। इस कार्यशाला में अमलतास विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर डॉ.सलिल भार्गव, वोईस चांसलर डॉ. शरद चन्द्र वानखेड़े , डीन डॉ.ए.के. पीठवा , रजिस्टार संजय रामबोले , अस्पताल निदेशक डॉ.प्रशांत ,पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद , एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया एवं सभी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं छात्र उपस्थित थे।

## गमी में गए परिवार के सूने घर से नकदी-सोना और टीवी ले उड़े चोर





**कालूखेड़ी में बड़ी चोरी की वारदात**

**देवास।** बीएनपी थाना क्षेत्र के कालूखेड़ी में एक घर को चोरों ने उस समय निशाना बना लिया जब परिवार गमी के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। पीड़ित आकाश चौहान ने बताया कि वह अपने परिवार सहित गुरुवार से कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गए थे। शुक्रवार सुबह जब उनके पिताजी लौटे, तो घर के ताले टूटे मिले — हैरानी की बात यह रही कि ताले भी मौके से गायब थे। घर के अंदर प्रवेश करने पर पता चला कि एलईडी टीवी, गोदरेज के लॉकर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी गायब थी। लॉकर भी टूटा हुआ हालत में बेड पर पड़ा मिला। आकाश चौहान ने बीएनपी थाना पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई।

पीड़ित के मुताबिक, घर में मौसा जी से उधार लिए 2 लाख नकद रखे थे, जिन्हें भी चोर ले उड़े। इसके अलावा उनके भांजे की सोने की चेन भी चोरी हो गई। आकाश ने बताया कि इलाके में पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। कुछ दिन पहले ही एक बाइक के टायर चोरी हुए थे, जिसकी सूचना भी उन्होंने पुलिस को दी थी। फिलहाल बीएनपी थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास के सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## वन विभाग ने पैंगोलिन का रेस्क्यू किया

**पैंगोलिन को वन क्षेत्र मे सुरक्षित छोड़ा**



**देवास।** 17 जुलाई को शाम ग्राम अमोना टोकखुर्द के तुलसीराम पिता अम्बाराम द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मेरे घर पर विचित्र प्रकार का जानवर आ गया है । सूचना पर वन मंडल अधिकारी अमित सिंह चौहान के आदेश से एवं उपवन मंडल अधिकारी एस. के. शुक्ला व वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश चौहान के निर्देशन में रेस्क्यू प्रभारी हेमराज गोखले, वन्यजीव रेस्क्यू एक्सपर्ट राजेश चौहान, अंकित मंडलोई दिनेश चौधरी, मनीष परमार, परिक्षेत्र सहायक टोंकखुर्द हेमराज गोखले, टोंकखुर्द बीट गार्ड मनोज मंडलोई के द्वारा मौके पर पहुंच कर एक पैंगोलिन नर का सुरक्षित रेस्क्यू कर वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश अनुसार वन्य जीव को प्राकृतिक आवास वन क्षेत्र मे सुरक्षित छोड़ा गया।

## डॉक्टर से दुर्व्यवहार मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**फर्जी पत्रकारिता की जांच जरूरी**

**देवास।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोंकखुर्द के डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार के मामले में गिरफ्तार कथित पत्रकार इस्लाम पटेल की जमानत याचिका जिला एवं सत्र न्यायालय ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि आरोपी द्वारा पत्रकार होने का दावा करते हुए जो दो अलग-अलग पहचान पत्र प्रस्तुत किए गए हैं, उनकी सत्यता संदिग्ध प्रतीत होती है, और उनकी जांच आवश्यक है। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उल्लेख किया कि जिला जनसंपर्क कार्यालय देवास द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार आरोपी इस्लाम पटेल मध्यप्रदेश शासन के जनसंपर्क संचालनालय द्वारा अधिमान्य पत्रकार नहीं है। ऐसी स्थिति में आरोपी को फर्जी पत्रकार कहा जाना असंगत नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अभी मामले में पुलिस अनुसंधान पूर्ण नहीं हुआ है, इसलिए इस स्तर पर आरोपी को जमानत का लाभ दिया जाना न्यायोचित नहीं होगा।

उल्लेखनीय है कि आरोपी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोंकखुर्द में पदस्थ एक चिकित्सक से अभद्रता और धमकाने का आरोप है, जिसकी रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था।

## सबसे ज्यादा सफाईकर्मी होने के बावजूद सोनकच्छ को रैंकिंग नहीं मिली

**पिछले सर्वेक्षण में 1 स्टार रैंकिंग थी**



**सोनकच्छ।** भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष शहरों की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर सर्वेक्षण का कार्य करवाती है। जिसकी जितनी रैंकिंग उसे उतना ज्यादा राशि बतौर इनाम या प्रोत्साहन के लिए दी जाती है। सर्वेक्षण के रिजल्ट घोषित हो चुके है। जिसमें सोनकच्छ नगर परिषद को कोई रैंकिंग नहीं मिली जो कि नगरवासियों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। गत वर्ष नगर परिषद सोनकच्छ को 1 स्टार रैंकिंग मिली थी। जिसकी वजह से शासन कुछ प्रोत्साहन राशि भी प्राप्त हुई थी। लेकिन इस वर्ष नगर को किसी भी केटेगिरी में नहीं रखा गया है। सरकार द्वारा जारी आकड़ो के मुताबिक सोनकच्छ को ओडीएफ डबल प्लस रैंक मिली। जबकि स्टेट वाइज रैंक में 326 व नेशनल में 509 रैंक हासिल की। साथ ही स्कोर की बात करें तो 7785 प्राप्त हुए है।

विधानसभा में आने वाली भौंरासा व टोंकखुर्द को 1 स्टार रैंकिंग मिली। भौंरासा स्टेट वाइज रैंक में 232 नेशनल में 307 रैंक हासिल किया। स्कोर 8552 रहा। इसी प्रकार टोंकखुर्द स्टेट वाइज 188 व नेशनल में 249 रैंक हासिल की है। स्कोर 8834 रहा। पीपलरावां को 3 स्टार रैंकिंग मिली। स्टेट वाइज 178 व नेशनल वाइज 238 रैंक मिली। स्कोर 8893 रहा। नगरवासियों के मन में एक सवाल है कि, सबसे ज्यादा सफाईमित्र रखने वाली परिषद को कोई रैटिंग नहीं मिलना सोचनीय विषय है। बता दें कि, नप में करीब 85 सफाईमित्र शामिल है। जो कि अन्य परिषदों से कई ज्यादा है। जिस एनजीओ को रखा उसने कार्य ही नहीं किया- स्वच्छता को मैनेज करने के लिए शासन द्वारा निकायों को एनजीओ रखने की छुट दे रखी है। स्थानीय निकाय ने विजयप्रभा फाउंडेशन नामक एक एनजीओ को रखा। जिसने किसी भी प्रकार कार्य ही नहीं किया। इन एनजीओ का कार्य आमजनता में जनजागरूकता फैलाने का कार्य करना है। लेकिन यह संस्था आमजन से मिली ही नहीं। साथ ही सफाईकर्मी स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए शहर में कैसी सफाई कर रहे है। उस व्यवस्था को जाकर देखा तक उचित नहीं समझा।

**सफाई को लेकर कई शिकायत दर्ज**

नगर में साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर आमजन कई शिकायत दर्ज कराई। लेकिन कई बार ऐसा हुआ कि यह शिकायत फोर्थ लेवल तक चली गई। उसके बाद महीनों बाद कटी। इसमें मुख्य शिकायत थी कचरा गाड़ी वार्डो में नहीं आना, नाला नालियों की सफाई ठीक से नहीं करना।नालियां उफान पर गन्दा पानी रोड पर बहना शामिल था। रात्रिकालीन सफाई पूर्ण रूप से बंद हो जाना भी मुख्य समस्या रही है। सैलरी नहीं मिलने के कारण कभी 3 दिनों तक सफाई बंद रही। तीन माह तक सैलरी नहीं मिलने के कारण सफाईमित्रों मनोबल गिरना व उनके द्वारा मन लगाकर कार्य भी नहीं किया।

**रैंकिंग नहीं मिलने से नाराज अध्यक्ष ने सीएमओ के साथ किया नगर भ्रमण**

स्वच्छता सर्वेक्षण 24 में कोई भी रैंकिंग मिलने से श्रुब्ध व नाराज नप अध्यक्ष श्रुति बघेल ने निरीक्षण किया। बघेल के साथ सीएमओ अमरदास सेनानी व सफाई दरोगा अनिल धौलपुरे भी साथ थे। अध्यक्ष व सीएमओ ने दरोगा को आदेशित किया है कि, आमजन द्वारा निर्माण कार्य करवाएं जा रहे है। जो निर्माण सामग्री सड़को पर रखी है। उसे रोड से हटवाएं। साथ ही नालियों की नियमित सफाई हो। दुकानदारों ने जो रोडो व खाली प्लाट पर सामग्री रखवाई है उसे भी हटवाएं। अगर कोई व्यक्ति आनाकानी करता है तो सामग्री जब्त की जाएं। जिस एनजीओ को रखा था उस एनजीओ ने कार्य नहीं किया है। अब किसी भी एनजीओ की हमें जरूरत नहीं है। आगामी सर्वेक्षण के लिए अभी से प्रयास तेज किए जाएं।

## निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन रविवार को

**देवास।** मानव के आध्यात्मिक जागृति के लिये यह संत निरंकारी मिशन सदैव तत्पर है। देवास ब्रांच भी मानव को मानव से जोड़ने के कार्य में अग्रसर हैं। मीडिया प्रभारी प्रेम बरेठा ने बताया कि आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन प्रति रविवार सुबह 11 से 1 बजे तक 10 मैनाश्री कालोनी टाल वाली गली उज्जैन रोड ब्रिज के पास होता है। जो भी इस आध्यात्मिक सत्संग का लाभ लेना चाहे व प्रभु से जुड़ने का भाव रखते हैं वे यहां आकर किशनलाल निरंकारी मुखी से संपर्क कर इसका लाभ ले सकते है।

## नीमच और रायसेन फुटबॉल प्रतियोगिता के फाईनल में

**प्रतियोगिता का समापन एवं पुरूस्कार वितरण आज**



**देवास।** मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन एवं देवास जिला फुटबॉल एसोसिएशन देवास के तत्वावधान में सब जूनियर बॉयज अंतर जिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन महाराज तुकोजीराव पवार स्टेडियम ( ओलम्पिक ग्राउंड) देवास पर किया जा रहा है। आज दोनों सेमीफाइनल मैच खेले गए। खिलाड़ियों से परिचय सीपी जोशी फेथ फाउंडेशन स्कूल, अभिमन्यु पाटील, अमल बेरा, उदय पवार , बिद्युत मालाकर ने किया। आज खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच नीमच और सागर के बीच हुआ। दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया। पहले हाफ की शुरूआत में ही नीमच के सुशील ग्वाला ने गोल कर टीम को एक गोल की बढ़त बना दी। मैच के 40वें मिनिट में नीमच के ही अथर्व शर्मा ने गोल कर टीम को दो गोलों की बढ़त बना दी। हाफ टाइम तक सागर ने कई मौके गंवा दिए और कोई गोल नहीं कर सकें। दूसरे हाफ में सागर ने लंबे लंबे पास देकर खेल शुरू किया और दूसरे हाफ के 20 वें मिनिट में शिवांश राजपाल ने गोल कर स्कोर 02-01 कर दिया। इसके बाद शेष समय में दोनों टीमों ने बहुत कोशिश की पर कोई गोल नहीं कर सके। अंतिम स्कोर 02-01 रहा और नीमच ने फाईनल में प्रवेश कर लिया। आज खेला गया दूसरे मैच इंदौर और रायसेन के बीच हुआ। इस मैच में दोनों टीमों ने एक दूसरे पर कई बार हमले किए पर गोल नहीं कर सके। पहले हाफ का स्कोर 00-00 रहा। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही रायसेन की ओर से आयुष परिहार ने गोल पर दूर से ही शॉट लिया जो सीधा गोल में गया जिससे रायसेन एक गोल से आगे हो गई। इंदौर ने गोल करने के कई मौके गवा दिए और गोल करने के लिए टीम आगे आक्रमण करने लगी इसका फायदा एक बार फिर रायसेन ने उठाया और दूसरा गोल भी आयूष परिहार ने किया । यही अंतिम स्कोर भी रहा । रायसेन ने इंदौर को 02-00 से हराया और फाईनल में प्रवेश कर लिया। मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं देवास जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव बिदुयत मालाकर ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन एवं पुरूस्कार वितरण समारोह 19 जुलाई को दोपहर 04.00 बजे से होगा। पुरूस्कार वितरण की मुख्य अतिथि देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार रहेंगी। फाईनल मैच नीमच और रायसेन के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमों ने पूरे प्रतियोगिता में शानदार खेल का परिचय दिया है और फाईनल मैच में भी दर्शकों को बेहतरीन खेल देखने को मिलेगा।

## दिव्यांगजनों के विशेष शिविर मे प्रमाण पत्र बनाए गए



**देवास।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र एवं युडीआईडी प्रमाण पत्र बनाने हेतु जिला चिकित्सालय देवास मे एक विशेष शिविर सम्पन्न हुआ। शहरी सीमा क्षेत्र के दिव्यांगजनों से प्रमाण पत्र बनवाने हेतु महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा भी अनूरोध किया गया था। निगम सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राघवेन्द्र सेन ने बताया कि सम्पन्न हुये शिविर मे 100 दिव्यांगजनों के द्वारा अपना परीक्षण कराकर प्रमाण पत्र बनवाये गये। शिविर मे डीपीसी अजय मिश्रा, आरएमओ अजय पटेल, चिकित्सक देवेश पाण्डे, धर्मेन्द्र प्रजापति, अजय मिश्रा, रेणु गुप्ता, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी महिमा जैन एवं नगर निगम के समस्त पेंशन स्टॉफ उपस्थित रहे।

**एक नजर** 29 जुलाई को प्रात: मां नर्मदा का पवित्र बाबा महाकाल को चढ़कर यात्रा पूर्ण होगी

## 22 जुलाई से निकलेगी क्षेत्र की सबसे बड़ी कावड़ यात्रा

**बागली।** सावन के माह में भोलेनाथ की उपासना कई अलग अलग तरीकों से की जाती है, इनमें से एक है कावड़ यात्रा इसी क्रम में मालवा अंचल की सबसे बड़ी 150 किलोमीटर की बोल बम कावड़ यात्रा मां नर्मदा के पवित्र धाराजी तट से बाबा महांकाल उज्जैन तक लगातार 28 वर्षों से निकाली जा रही है,जो अपने 29 वे वर्ष में दिनांक 22 जुलाई से 29 जुलाई तक निकाली जाएगी, जिसमे देवास सहित अन्य जिले के यात्री भी शामिल होते है। जिनकी संख्या 1200 से अधिक रहती है। कावड़ यात्रा शुरू से ही कई उद्देश्य को लेकर निकाली जा रही है, जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल संवर्धन, पेड़ लगाओ पर्यावरण की रक्षा आदि शामिल है। कावड़ यात्री प्रत्येक वर्ष जहां-जहां रात्रि विश्राम करते हैं वहां पर पौधा जरूर लगाते है। प्रत्येक कावड़ यात्री से पंजीयन शुल्क की राशि ली जाती है जिससे अभी तक कावड़ यात्रा संघ ने 20 लाख से अधिक की राशि से एकत्रित की है लेकिन कार्य 50 लाख से अधिक के कर दिए है जिसमे , धाराजी धर्मशाला निर्माण, नर्मदा मंदिर में सहयोग सनातन विचार मंच में सहयोग, चापड़ा में धर्मशाला निर्माण में सहयोग, पूंजापुरा में सामुदायिक हाल निर्माण, नरवल धर्मशाला निर्माण में सहयोग, उत्तराखंड आपदा में सहयोग, चंद्रकेसर गौशाला में सहयोग, बागली मुक्ति धाम में सहयोग, चामुंडा माता मंदिर बरोठा में टीन सेट निर्माण में सहयोग, बोरखेड़ा धर्मशाल निर्माण में सहयोग,टप्पा,पटाड़ी में सहयोग राशि प्रदान कर चुका है। निमखेडा के आदिवासी भाई संतोष निगम ,अपनी ड्रेस बनवा रहे है,वही डकाचिया के पोपसिंह यादव अपनी कावड़ अलग तरह से सज रहे हैं, विजय सिंह सेंधव, अनारसिह सेंधव, रमेश अंकल, कल्याण सिंह कावड़ यात्रा में भजन गाने के लिए अपनी ढोलक एवम पेटी को तैयार कर रहे हैं। यात्रा का प्रथम पड़ाव पीपरी में 22 को रहेगा, 23 को यात्रा पूंजापुरा पहुंचेगी, 24 गुरुवार को यात्री चापड़ा में रात्रि विश्राम करेंगे, वहां से हाटपिपलिया होते हुए 25 को बरोठा में रात्रि विश्राम रहेगा,26 को मां चामुण्डा की नगरी देवास में यात्री रुकेंगे,27 को नरवल में,एव 28 को शाम को यात्रा बाबा महांकाल की नगरी उज्जैन पंहुचेगे, 29 जुलाई को प्रात: मां नर्मदा का पवित्र बाबा महाकाल को चढ़कर यात्रा पूर्ण होगी।

## नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत बच्चों को दिलाई शपथ

**भौरासा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शासन की पहल पर एव मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक सम्पूर्ण प्रदेश में वृहद स्तर पर नशा मुक्ति अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भौरासा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के मार्गदर्शन में आज नेवरी फाटे पर स्थित स्वामी विवेकानन्द कॉन्वेंट स्कूल, नराना मैं थाना प्रभारी प्रीति कटारे के व पुलिस स्टाफ द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत बच्चों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के पश्चात बच्चों को थाना प्रभारी द्वारा चॉकलेट वितरित की गई।


**कार्यालय नगर पालिका निगम, देवास ( म.प्र. )**

क्रमांक 103 /विद्युत / 2025 देवास, दिनांक 03.07.2025

**//द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | 2025_UAD _434894_1 03.07.2025 | वार्ड क्र 32,37 एवं वार्ड क्र 40 के विभिन्न स्थानों पर स्ट्रीट लाईट के पोल स्थापित करने के संबंध में। | 1. 03 माह 2.रु4623138.00 | 1.5000.00 2.34674.00 | 24.07.2025 06 पीएम |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम देवास म.प्र.